भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3038**

22 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

**बहुराज्य सहकारी समितियों का समापन**

3038. श्री के. मुरलीधरन:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (एमएससीएस) अधिनियम, 2002 के तहत अब तक कितनी बहुराज्य सहकारी समितियां बंद की गई हैं; और

(ख) इस तरह के परिसमापन के क्या आधार हैं?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): वर्तमान में 78 बहु-राज्य सहकारी समितियों के मामले में समापन की कार्यवाही जारी है।

(ख): बहु-राज्य सहकारी समिति (एमएससीएस) अधिनियम, 2002 की धारा 86 के तहत उन दोषी समितियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है जो एमएससीएस अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार काम नहीं करती हैं और जिनके खिलाफ शिकायतें प्राप्त होती हैं।

*****